Title: Need to connect Buddhist Circuit in Siddhartha Nagar district, U.P. by rail, road and air - Laid.

श्री रामपाल सिंह(डुमरियागंज): जनपद सिद्धार्थ नगर जनपद बस्ती से काट कर बनाया गया है। इस जनपद में बुद्ध धर्म का तीर्थस्थल कपिलवस्तु स्थित है। जहां लुम्बिनी मात्र 10 किलोमीटर पर स्थित है। प्रत्येक र्वा हजारों बुद्ध धर्म के अनुयायी श्रीलंका, जापान, मलेशिया इत्यादि से आते हैं और सारनाथ, कुशीनगर, कपिल वस्तु, लुम्बिनी, श्रावस्ती स्थलों का दर्शन करते हैं। स्थानों को मिला करके एक बुद्धिस्ट सर्किट बनाया है। बुद्धिस्ट परपथ के निर्माण के लिए जापान सरकार ने काफी सहायता भारत सरकार को दी थी जिससे इस पथ का निर्माण तो हो गया है लेकिन विगत 2 र्वाो से निरन्तर बाढ़ आने के कारण यह परपथ बहुत खराब स्थिति में है। यात्रियों की सुविधा के लिए बुद्ध सर्किट को वायु मार्ग, रेल मार्ग तथा सड़क से सारनाथ, वाराणसी, कुशीनगर, कपिलवस्तु, लुम्बिनी, श्रावस्ती को जोड़ना नितान्त आ वश्यक है, जिससे प्रत्येक प्रकार के यात्री आ-जा सकें। इससें पर्यटक को बढ़ावा मिलेगा, विदेशी मुद्रा भी अजित होगी और भारत का सम्मान भी बढ़ेगा। इस क्षेत्र में यात्री सुविधाओं को बढ़ाने की बहुत आवश्यकता है जिससे पर्यटक अधिक से अधिक संख्या में आ सकें और पर्यटन को बढ़ावा मिले।

अतः मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि बुद्ध सर्किट को महत्व दे करके इसे हवाई, रेल, सड़क मार्ग से जोड़ा जाए तथा सुविधायें प्रदान की जायें।